तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार, 24 मार्च 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

विश्व जल दिवस पर निकाली जागरुकता... 12



कार्यालय के सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के.. 12



## खबर संक्षेप



### सद्भावना मैच में पत्रकारों ने पुलिस टीम को हराया

**जगदलपुर**। हाता ग्राऊण्ड में रविवार को पुलिस टीम और पत्रकार टीम के बीच सद्भावना मैच का आयोजन किया गया। पुलिस टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 126 रन बनाए। जिसे पत्रकारों की टीम ने 1 ओवर शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह पुलिस टीम पर पत्रकारों की टीम जीत हासिल की। पुलिस टीम की ओर से आईजी सुंदरराज पी., एसपी शलभ सिन्हा समेत अन्य अधिकारी शामिल थे। पुरस्कार वितरण कमिश्नर डोमन सिंह और कलेक्टर हरीश एस ने किया।

### कांग्रेस की समीक्षा बैठक का आयोजन 27 को

**जगदलपुर**। जिला कांग्रेस सुकमा के अध्यक्ष महेश्वरी बघेल ने आगामी 27 मार्च को राजीव भवन सुकमा में समीक्षा बैठक बुलाई है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण बैठक में सभी पदाधिकारी, ब्लाक अध्यक्ष, जिला और जनपद के सदस्य, सरपंच सहित युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया है।

### नपं उपाध्यक्ष चुनाव सुकमा कांग्रेस के प्रभारी नियुक्त

**जगदलपुर**। जिला कांग्रेस सुकमा के अध्यक्ष महेश्वरी बघेल ने नगर पंचायत कोंटा के उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए शेख सजार और राजेश नारा को प्रभारी नियुक्त किया है। पिछले दिनों पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष जाकीर हुसैन के निधन के बाद पद रिक्त है।

### इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में होगी जूडो स्पर्धा 30 को

**जगदलपुर**। भारतीय जूडो महासंघ ने छत्तीसगढ़ जूडो संघ को राज्य के 4 शहरों में अस्मिता जूडो सिटी लीग आयोजन की स्वीकृति दी है। बालिकाओं के लिए विभिन्न वजन समूह में मुकाबले होंगे। 30 मार्च को इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम जगदलपुर में स्पर्धा होगी। प्रतियोगिता सुबह 9 से शाम 5 बजे तक होगी। यह जानकारी बस्तर जिला जूडो संघ के सचिव अब्दुल मोईन ने दी है।

### कांग्रेस का दावते इफ्तार राजीव भवन में कल

**जगदलपुर**। रमजान महीने के मुबारक मौके पर कांग्रेस पार्टी द्वारा मंगलवार को शाम 6.20 बजे राजीव भवन में दावते ईफ्तार का आयोजन जाएगा। यह जानकारी शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने दी है।

### दशहरा पसरा खुला, आम लोगों ने देखा



**जगदलपुर**। शहर में स्थापित सांस्कृतिक प्रतीकात्मक स्वरूप दशहरा पसरा को आम जनता के लिए 22 मार्च से खोल दिया गया है। शनिवार को दशहरा पसरा को प्रति दिन चालू रखने के लिए समाज प्रमुखों और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर प्रारंभ किया गया। दशहरा पसरा प्रतिदिन सांय 5 बजे से 7:30 बजे तक खुला रहेगा। साथ ही बस्तर एकेडमी ऑफ डांस, आर्ट एंड लिटरेचर (बादल) आसना, जगदलपुर के द्वारा दशहरा पसरा में प्रत्येक सप्ताह के 2 दिन शुक्रवार एवं शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आम जनता के लिए निःशुल्क रहेगा।

---

**जल विवाद : छग भाजपा सरकार के विरोध में जमकर किया नारेबाजी**

# इन्द्रावती-जोरा नाले से बीजू जनता दल कार्यकर्ताओं ने रेत के बोरे हटाए, बस्तर की तरफ धार हुई पतली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- पूर्व मंत्री भी रहे शामिल



इन्द्रावती नदी के बस्तर की तरफ प्रभावित हो रही पानी की धार पतली होने और नदी के डाउन स्ट्रीम जगदलपुर की ओर पानी का प्रवाह कमजोर पड़ने से परेशान इन्द्रावती नदी तट बसे बस्तर जिले के तीन ब्लाक बस्तर,तोकापाल और लोहंडीगुड़ा के हजारों किसान और आमजनों को पानी की समस्या से गुजरने पर मजबूर होना पड़ा। इस गम्भीर समस्या को लेकर बस्तर में इन्द्रावती नदी संघर्ष समिति के सैकड़ों किसान परेशान एवं चिंतित थे। जिसके बाद बस्तर जिले के हजारो किसान आंदोलन में कूद इन्द्रावती नदी से पानी देने विरोध प्रदर्शन करते रायपुर मार्ग में भोंड मोड़ पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जिसके बाद बस्तर जिला प्रशासन के कान खड़े हो गए। आनन-फानन में बस्तर जिले में ओड़सिा सीमा से चित्रकोट तक बने 13 एनीकेट में दो एनीकेट के गेट खोला गया। उसके बाद भी बस्तर में जल समस्या बनी रही। बस्तर के किसानों के दबाव पर छत्तीसगढ़ सरकार ओडिसा सरकार से चर्चा कर इन्द्रावती नदी जोरा संगम से बस्तर की ओर रखे रेत के टीले को हटाने के लिए ओडिसा सरकार सहमति दी। पिछले दिनों ओड़सिा सरकार के निर्देश पर ओडिसा जल संसाधन विभाग के पहल पर रेत का बोरा हटाने और जोरा नाला स्ट्रेक्चर की ओर रेत का बोरा लगाकर संगम स्थल से डाउन स्ट्रीम जगदलपुर की तरफ जल प्रवाह सुगम किया गया। लेकिन रविवार को इसकी भनक ओडिसा के विपक्ष राजनीति दल बीजू पटनायक के पूर्वतन मंत्री और जैपुर के पूर्व विधायक रवि नारायण नंद के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता ओड़सिा सरकार के इस कार्रवाई का विरोध करते जोरा की ओर लगाए रेत बोरा को हटाकर छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### इंद्रावती के सूखने से फसल बर्बाद, किसान परेशान

इस दौरान इन्द्रावती नदी सूखने की कगार पर पहुंचने और बस्तर के किसानों के हजारो एकड़ रवि फसल सूखने से चिंतित एक माह से परेशान होकर आंदोलनरत है। बस्तर किसानों के विरोध प्रदर्शन और लगातार छत्तीसगढ़ शासन पर दबाव बनाने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप 15 दिन पहले गुजरात मे हुई राष्ट्रीय जलनीति कॉन्फ्रेंस में ओड़सिा के मुख्यमंत्री मोहन मांझी से मुलाकात कर इन्द्रावती नदी में दोनों सरकसरो के मध्य पूर्व में हुए जलबंटवारे को लेकर ध्यानाकर्षण कर छत्तीसगढ़ की चिंता से अवगत कराया था।

### किसानों को पानी से वंचित करने का कर रहे षड़यंत्र





ओडिसा बीजू जनता दल के पूर्वतन मंत्री रवि नारायण नंद आज जोरा नाला संगम स्थल पर अपने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते पूर्वतन मंत्री नंद ने कहा ओडिसा में भाजपा सरकार बनते ही यहां के किसानों के साथ अन्याय में उतारू हो गई है। यही कारण है,कि ओड़सिा की ओर जलप्रवाह को रेत के बोरा बिछाकर पानी को रोका जा रहा है। नंद ने कहा ओड़सिा और छत्तीसगढ़ के बीच 2003 मे हुए जल समझौता के मुताबिक गैर मानसून काल मे 50-50 फीसदी जल बंटवारा के तहत सब ठीकठाक चल रहा था। जैसे ही 2023 ने ओड़सिा में जैसे ही मोहन मांझी की भाजपा सरकार बनी इन्द्रावती नदी की सहायक जोरा नाला के जरिये ओडिसा में प्रवाहित होने वाली पानी को रोकने का काम कर रही है। जोरा की ओर बहने वाली पानी रेत का बोरा डाल बाधित किया जा रहा है। जिसे ओड़सिा के किसान नही सहेंगे। विरोध प्रदर्शन में कोरापुट के पूर्व सांसद व कोरापुट बीजू जनता दल के जिलाध्यक्ष झीना हिकाका,जिला पंचायत अध्यक्ष शस्मिता मेलका,पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री पद्मिनी दिना, पूर्व विधायक चन्द्रशेखर मांझी,पूर्व विधायक रघुराम पदल जोरा संघर्ष समिति के अध्यक्ष पंकज पात्र व बड़ी सँख्या में बीजू जनता दल के कार्यकर्ता सम्मलित थे।कोरापुट के पूर्व सांसद व कोरापुट बीजू जनता दल के जिलाध्यक्ष झीना हिकाका,जिला पंचायत अध्यक्ष शस्मिता मेलका,पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री पद्मिनी दिना, पूर्व विधायक चन्द्रशेखर मांझी,पूर्व विधायक रघुराम पदल जोरा संघर्ष समिति के अध्यक्ष पंकज पात्र व बड़ी सँख्या में बीजू जनता दल के कार्यकर्ता सम्मलित थे।

---

## कॉपर केबल चोरी करते 3 आरोपी पकड़ाए, चोरी का सामान भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

- 2 मोटर सायकिल जब्त
- आरोपियों को भेजा गया जेल



कॉपर चोरी करते हुए तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपियों के पास से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार थाना किरन्दुल क्षेत्र में चोरी की घटना पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पूजा कुमार एवं आरके बर्मन के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस किरन्दुल कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संजय कुमार यादव द्वारा चोरी की घटना को रोकने पेट्रोलिंग की जा रही है। 21 मार्च को थाना किरन्दुल के लारसेन एंड टुब्रो कंपनी में मध्य रात्रि 2.30 बजे 3 चोरों ने कंटेनर का ताला तोड़कर कापर वायर 23 मीटर, कीमत 50000 को दो मोटर सायकल से ले जा रहे थे। इस दौरान चोरों को पकड़ लिया गया। पकड़े जाने पर आरोपियों के विरूद्ध थाना किरन्दुल में अपराध क्रमांक 16/2025 धारा 305, 331(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों अशोक भास्कर 21 वर्ष कुंजामपारा, संजू कड़ती 19 वर्ष मदाड़ी पटेलपारा ▶▶ शेष पेज 12 पर

## पोते व छोटे बच्चों के साथ परीक्षा देने पहुंचीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर





कहते हैं पढ़ाई व शिक्षा ग्रहण करने की कोई उम्र नहीं होती है। आप में लगन व जूनून है तो किसी भी उम्र में पढ़ाई कर सकते हैं। ऐसा ही जुनून वृद्ध महिलाओं एवं पुरुषों में रविवार को देखने को मिला। जिले की हजारों बुजुर्गों ने उम्र के अंतिम पड़ाव में भी परीक्षा दी और साक्षर भी हुए। कई रोचक किस्से देखने को मिले, सास-बहू, मां-बेटी व सास, देवरानी जेठानी ने भी परीक्षा दिलाई, कहीं पर पति-पत्नी ने परीक्षा दी। वहीं संभागीय मुख्यालय जगदलपुर स्थित दंतेश्वरी पूर्व माध्यमिक शाला में जमीला बेगम अपने पोता एवं भड़ीसगांव परीक्षा केन्द्र में एक महिला ने छोटे बच्चों के साथ स्कूल में पहुंचकर उल्लास साक्षरता अभियान में परीक्षा दी। साथ ही शहर के रमैया वार्ड निवासी बबिता पटेल ने बताया कि उसके पति दो साल पहले निधन हो गया। उसके 4 बच्चे पढ़ रहे हैं और वह दंतेश्वरी पूर्व माध्यमिक शाला में रसोईया के पद पर पदस्थ है, वह अपना हस्ताक्षर करती है पर पढ़ने की ललक के चलते उसने महापरीक्षा में शामिल हुई। परीक्षार्थियों का सरपंच टेकामेटा का खंड शिक्षा अधिकारी पूनम सलाम एवं खंड स्त्रोत समन्वयक अजय शर्मा ने बुके देकर स्वागत किया। परीक्षा केंद्र को आकर्षक ढंग से सजावट किया गया था और परीक्षा केंद्र भड़ीसगांव विकासखंड तोकापाल में छोटे बच्चों को लेकर मां ने परीक्षा दी, इस से प्रतीत होता है कि शिक्षा के प्रति बस्तर में जागरूकता आ चुकी है।

स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा बस्तर में रविवार को उल्लास कार्यक्रम की अंतर्गत 15 वर्ष से ऊपर के सभी निरीक्षर युवक, युवती, महिलाएं, पुरुष के लिए परीक्षा आयोजित की गई, परीक्षा का मुख्य उद्देश्य लोगों को साक्षर करना है। बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड में भी उक्त परीक्षा का आयोजन किया गया है, जिसमें बड़ी मात्रा में असाक्षरों ने परीक्षा में सम्मिलित होकर शिक्षा के महत्व के प्रति अपनी जिज्ञासा प्रकट की है। परीक्षा के पूर्व असाक्षरों का सर्वे कराया गया था तथा प्रत्येक पंचायत में जो आंकड़ा प्राप्त हुआ उसके अनुरूप प्रत्येक पंचायत में स्वयंसेवी युवक-युवतियां का चयन कर प्रतिदिन पंचायत भवन या किसी के मकान घर पर उनके द्वारा शिक्षा दी जाती थी, जिसमें पढ़ना, लिखना और संख्यात्मक ज्ञान की शिक्षा दी गई थी। परीक्षा उपरांत परीक्षा में सफल युवक-युवती को स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा अंक पत्र सह साक्षरता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। परीक्षा की सफल संचालन ▶▶ शेष पेज 12 पर

## एक महिला सहित छह नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्टा



नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना कोन्टा क्षेत्र के ग्राम गंगराजपाड़ निवासी ताती बुधरा की हत्या के घटना में संलिप्त एक महिला नक्सली सहित कुल छह नक्सलियों की गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। विदित हो कि मामले में 23/10/2024 को माओवादियों द्वारा मृतक गंगराजपाड़ निवासी ताती बुधरा घर से पकड़कर कुछ दूर जंगल में ले जाकर नक्सली एक राय होकर हाथ मुक्का,डण्डा, बण्डा एवं बंदुक के कुन्दे से मारपीट किये और गले में रस्सी का फन्दा लगाकर दोनों ओर से खिंचकर मृतक ताती बुधरा की हत्या कर दिये थे । घटना के संबंध में थाना कोन्टा में अपराध पंजीबद्ध किया गया था । प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपियों की पतासाजी हेतु आज पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोन्टा भानुप्रताप चन्द्राकर के साथ थाना कोन्टा एवं डीआरजी टीम ग्राम गंगराजपाड़ की ओर रवाना हुए थे । अभियान दौरान ग्राम गंगराजपाड़ में प्रकरण में संलिप्त आरोपी एक ताती लखमा पिता स्व. ताती गंगा मिलिषिया सदस्य उम्र 43 वर्ष जाति मुरिया, साकिन गंगराजपाड़ पोस्ट मेहता ग्राम पंचायत मेहता कलमू पाण्डू पिता स्व. कलमू जोगा मिलीशिया सदस्य उम्र 28 वर्ष जाति मुरिया, साकिन गंगराजपाड़ ग्राम पंचायत मेहता वंजाम मंगा पिता स्व. ▶▶ शेष पेज 12 पर

## गांजा की तस्करी : तीन स्टेट के तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन राज्य के तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर 3 लाख रुपए से अधिक का गांजा बरामद किया है। तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया।

गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली शिवानंद सिंह के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा हाईवे में बस का इंतजार कर रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 30.84 किलो अवैध गांजा कीमत 3 लाख 8400 रूपए के अलावा एक बाइक क्रमांक ▶▶ शेष पेज 12 पर

**दूसरी बार अध्यक्ष बने पाठक के समर्थकों ने मनाई जमकर खुशियां**

## बस्तर परिवहन संघ के प्रदीप बने सरदार ऑफ बीपीएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- देर रात आया परिणाम, समर्थकों के साथ पैनल के प्रत्याशी डटे रहे



सीधे सरल छवि के धनी सभी के साथ सद व्यवहार से मिलने वाले प्रदीप पाठक बस्तर परिवहन संघ के नए सरदार होंगे। वे एशिया के परिवहन संघ के सबसे बड़े बस्तर परिवहन संघ चुनाव में अपने तीन अन्य प्रतिद्वंदी को मात देकर बीपीएस के दुबारा अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। शनिवार को बस्तर संघ कार्यालय में हुए मतदान में प्रदीप पाठक तीन अन्य अध्यक्ष पद के प्रतिद्वंद्वी में सबसे करीबी मुकाबला अमरजीत सिंह से रहा। प्रदीप को जहाँ कुल 461 वोट मिला,वही अमरजीत को 7 चक्र की मतों की गिनती में 394 मत मिला। इस तरह प्रदीप पाठक 67 मतों के अंतर से बीपीएस के अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किये। जबकि सचिव पद में कन्हैय्या झा,दो उपाध्यक्ष में आनंद सिंह चौहान व सुखदेव सिंह जोशी,कोषाध्यक्ष के एक पद में जगनलाल झंवर और दो सह सचिव के पद पर संतोष सिंह एवं भूपेंद्र सिंह ठाकुर निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को निर्वाचन अधिकारी संतोष मिश्रा प्रमाणपत्र सौंपा। बस्तर परिवहन संघ में लगातार दूसरी बार अध्यक्ष के पद पर प्रदीप पाठक निर्वाचित हुए हैं। प्रदीप पाठक अपना पैनल से चुनाव मैदान में थे और अपना पैनल से उपाध्यक्ष के पद पर सुखदेव सिंह जोशी, सह सचिव के पद पर संतोष सिंह यादव और कोषाध्यक्ष के पद जगनलाल झवर निर्वाचित हुए।

इसके अलावा एकता पैनल से सचिव पद पर कन्हैया झा, उपाध्यक्ष पद पर आनंद सिंह चौहान और सह सचिव के पद पर भूपेन्द्र सिंह ठाकुर निर्वाचित हुए। ज्ञात हो कि बीपीएस में 22 मार्च की सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक हुए मतदान में 2172 मतदाताओं में से 1470 मतदाताओं ने मतदान किया था। मतदान समाप्ति के बाद शाम 5 बजे से मतगणना प्रारंभ हुई और देर रात परिणाम सामने आया। परिणाम के पहले रूझानों का दौर चलता रहा, और पैनल के प्रत्याशियों के साथ समर्थक खुशी मनाते रहे।

### चतुष्कोणीय मुकाबला हुआ

बस्तर परिवहन संघ चुनाव में पहली बार चतुषकोणीय मुकाबला हुआ था। संघ के अध्यक्ष के 1 पद, उपाध्यक्ष के 2 पद, सचिव के 1 पद, सहसचिव के 2 पद और कोषाध्यक्ष के 1 पद के लिए 28 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इस तरह एक-एक पद के लिए 4-4 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाए थे।

### परिणाम आने और भीड़ वापस जाते तक डटे रहे जवान

बस्तर परिवहन संघ में चुनाव को लेकर संघ कार्यालय में सुबह से ही तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। पुलिस के जवानों को बड़ी संख्या में तैनात किया गया था, और व्यवस्थित व शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। हालांकि देर रात तक मतगणना जारी रहने के कारण पुलिस को भी देर रात तक पहरा करना पड़ा और परिणाम आने के बाद पुलिस संघ कार्यालय से लौटी।जब नवनिर्वाचित पदाधिकारियो ओर उनके समर्थक अपने घर वापस जाने के बाद ही सुरक्षा में तैनात जवान थाना लौटे।

## 15 किलो गांजा बरामद दो आरोपी रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम



जिले में अपराधों की रोकथाम एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन, गोविन्द दीवान एसडीओपी बारसूर के पर्यवेक्षण में एवं निरीक्षक विजय पटेल के नेतृत्व में थाना गीदम पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जा रही है। शनिवार को चेकिंग के दौरान मुखबीर की सूचना पर समलूर में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखने के आरोपी भारत सिंह ठाकुर उर्फ भरत उम्र 62 वर्ष कबाड़ी पारा समलूर थाना गीदम के पास से 4.467 किग्रा गांजा बरामद हुआ। अन्य प्रकरण में आरोपी छबीन्द्र ठाकुर उम्र 26 वर्ष कबाड़ी पारा समलूर थाना गीदम ने अपने घर के बाड़ी में साड़ी का घेरा लगाकर चोरी छिपे गांजा की खेती किया था। जिस पर कार्यवाही कर 9.450 किग्रा गांजा के पौधे बरामद किया गया। गांजा की कीमत 1,50,000 है। दोनों प्रकरण में थाना गीदम में एनडीपीएस की कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्यवाही में उप निरीक्षक शशिकांत यादव, एएसआई संतोष यादव, अनिल ध्रुर्वे, प्रशांत सिंह प्रधान आरक्षक ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### बुधराम बने कोंडागांव कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक



बैज ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए 11 जिलों में नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है। इसी क्रम में बुधराम नेताम को कोंडागांव जिले का नया कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनाया गया है। पिछले डेढ़ साल से जिलाध्यक्ष बदले जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं, जो अब जाकर समाप्त हुई हैं। इससे पहले झूमूकलाल दीवान ने कोंडागांव कांग्रेस जिलाध्यक्ष के रूप में सफलतापूर्वक 5 वर्षों तक संगठन का नेतृत्व किया था। बुधराम नेताम कांग्रेस के वरिष्ठ और जमीनी नेता माने जाते हैं। वे 1994 से 2020 तक लगातार 25 वर्षों तक सरपंच रहे हैं और वर्तमान में भी संबलपुर के सरपंच पद पर आसीन हैं। उनके कार्यकाल में से 20 साल स्वयं और एक पंचवर्षीय उनकी पत्नी सरपंच रही हैं। 2020 में उन्होंने जिला पंचायत चुनाव लड़ने के लिए सरपंच पद से इस्तीफा दिया था, लेकिन क्षेत्र में उनकी पहचान अब भी सरपंच के रूप में बनी हुई है। सामाजिक क्षेत्र में भी वे सक्रिय रहे हैं और संयुक्त बस्तर जिला गोंडवाना समाज के जिलाध्यक्ष पद पर कार्य कर चुके हैं। कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका बुधराम नेताम ने कांग्रेस संगठन में भी 10 वर्षों तक कोंडागांव ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल एवं भूपेश बघेल के नेतृत्व में संगठन को मजबूत किया। वे सरपंच कार्यकाल के दौरान सरपंच संघ के अध्यक्ष भी रहे। इसके अलावा, पूर्व मुख्यमंत्री मोहन मरकाम के करीबी सहयोगी के रूप में उन्होंने विधायक प्रतिनिधि के रूप में भी काम किया।

---

**दिवस**

### शा.उ.मा.वि. शामपुर व सीजी गर्ल्स बटालियन एनसीसी ने किया आयोजन

# विश्व जल दिवस पर निकाली जागरुकता रैली, लोगों को जलसंरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सीजी गर्ल्स बटालियन एनसीसी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामपुर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य माननीय अनूप कुमार विश्वास ने हरी झंडी दिखाकर किया। एनसीसी कैडेट्स ने चौक–चौराहों पर जन जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया। इसके पश्चात भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।




### जल संकट से निपटने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे :अनूप कुमार

इस दौरान मुख्य अतिथि अनूप कुमार विश्वास एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री विश्वास ने अपने उद्बोधन में बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1993 में शुरू किया गया विश्व जल दिवस जल संकट की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जल संकट से निपटने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप–प्राचार्य श्यामलाल नेताम ने जल को जीवन का आधार बताते हुए इसे बचाने की महत्ता पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सहदेव सिदार ने जल की कमी को वैश्विक समस्या बताते हुए जल बचाने का संकल्प लेने की अपील की।

### जल संकट के कारणों पर चर्चा की

व्याख्याता रश्मि चंद्रवंशी ने जल संकट के पीछे जलवायु परिवर्तन और अनियंत्रित जल उपयोग को प्रमुख कारण बताया, जबकि श्रीमती गीता ठाकुर ने कहा कि जल संरक्षण के लिए जन जागरूकता आवश्यक है। सुश्री चेतन यादव ने जल संकट के प्रति लोगों को सजग रहने का आह्वान किया। शिक्षक घनश्याम यादव ने जल संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताया वहीं अनिल कुमार मंडावी, अध्यक्ष उड़ान क्रीड़ा एवं युवा विकास संस्थान, ने युवाओं को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एनसीसी केयरटेकर सुश्री मुस्कान गुप्ता ने कैडेट्स की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनसीसी के युवा जल संरक्षण अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता भारत राम मंडावी ने किया। जिन्होंने समस्त अतिथियों को उनके बहुमूल्य समय के लिए धन्यवाद दिया।

### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती संजू साहू, चंदन निमोचा, मुकेश यादव व्यायाम शिक्षक, राजमन दुआ एवं समस्त विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व जल दिवस मनाया गया

**कोण्डागांव।** 22 मार्च 2025, शनिवार को शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी व भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विश्व जल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सी.आर. पटेल ने की, जबकि संचालन एनसीसी एएनओ श्रीमती नेहा बंजारे ने किया।




### ऑक्सीजन की कमी से मर रहे हैं कई समुद्री जीव

*इस वर्ष की थीम ग्लेशियर संरक्षण पर चर्चा करते हुए भूगोल विभागाध्यक्ष समलेश पोटाई ने जल संकट और ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर मात्र 3 प्रतिशत जल ही उपयोग योग्य है और जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। बेंगलुरु और रायपुर की जल समस्याओं का उदाहरण देते हुए उन्होंने जल शक्ति मंत्रलय के नल जल मिशन और जल स्वच्छता कार्यक्रम की जानकारी दी। वाणिज्य विभागाध्यक्ष आकाश वासनिकर ने समुद्री जीवों और रेयर फिश पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को समझाया। उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान से समुद्री जल की सतह गर्म हो रही है। जिससे ऑक्सीजन की कमी से कई समुद्री जीव मर रहे हैं।*

### छात्र–छात्राएं रहे उपस्थित

कार्यक्रम के अंत में नेहा बंजारे ने आभार व्यक्त करते हुए जल संरक्षण और स्वच्छता को दैनिक जीवन में अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, एनसीसी व एनएसएस के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## नन्हे मुन्ने बच्चों ने बनाये पोस्टर, जल संरक्षण का लिया संकल्प और लोगों को किया जागरूक

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में शनिवार 22 मार्च विश्व जल दिवस पर बच्चों को जीवन मे जल के महत्व एवं स्वास्थ्य, कृषि, जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जल है तो कल है जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को जल संरक्षण के महत्व सहित जल स्त्रोतों की रक्षा ,मानव व जीव जंतुओं के लिए स्वच्छ पेय जल की महत्ता से परिचित कराया गया।

**पीने योग्य स्वच्छ पानी केवल 3 प्रतिशत** – इस अवसर पर बच्चों ने अपनी भावनाओं को जल संरक्षण का सन्देश देते पोस्टर बनाकर व्यक्त किया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिवर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है शिक्षिका मधु तिवारी ने विश्व एवं भारत में बढ़ रहै जल संकट एवं भूमिगत जल को बचाने के लिए बच्चों को संकल्प दिलाया विश्व के अधिकांश भाग में जल होने के बावजूद पीने योग्य स्वच्छ पानी केवल 3 प्रतिशत है वृक्षों की अंधाधुंध कटाई ग्लोबल वार्मिंग पर्यावरण प्रदूषण के कारण विश्व में जल संकट बढ़ता जा रहा है उन्होंने बच्चों को अपने घर एवं बाड़ी में पौधा रोपण के लिए प्रेरित किया विशेष कर गर्मियों में नल की की टोटियों को बंद रखने, पानी बचाने के लिए प्रेरित किया साथ ही गर्मी में गंदे पानी से होने वाली पेचिस, आंत्रशोध, से बचने स्वच्छ पानी के उपयोग के लिए जागरूक किया।



---

## वनों को आग से बचाने की कवायद ग्रामीणों को किया गया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- ग्रामीणों के लिए कला जत्था ने दी प्रस्तुति
- वनों में आग न लगाने की दी गई समझाइश



ग्रामीण क्षेत्र के जंगलों में ग्रामीणों द्वारा महुआ बीनते समय जंगलों में आग लगा दिया जाता है। जिससे जंगलों में कई सारे जीव जंतु और पेड़ पौधे, वन औषधि नष्ट हो जाते हैं, जंगल में बढ़ती आग से जंगली जानवरों व पेड़ पौधों को नुकसान हो रहा है। इसकी रोकथाम के लिए दक्षिण वन मंडल कोंडागांव द्वारा जागरूक किया जा रहा है, इसमें ग्रामीणों को नाटक व नृत्य के जरिए जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। जंगलों में आग लगाकर ना छोड़े जिससे आग बड़ा रूप लेकर जंगली जानवरों व पेड़ पौधों को नुकसान पहुंचा सकती है। यह बस्तर विकास एवं सेवा संस्थान कोंडागाव के द्वारा नुक्कड़ नाट कलाकारों के माध्यम से दिया जा रहा है। कोंडागांव दक्षिण वन मंडल के मुरमुला, दहीकोंगा, माकड़ी, मर्दापाल वनपरिक्षेत्र के अंतर्गत वनों को आग से बचाने के लिए बाजार में कला जत्था का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नृत्य, नाटक तथा वक्तव्य के माध्यम से ग्रामीणों को वनों में आग न लगाने की समझाइश दी गई। उन्हें महुआ और पत्तों को अलग कर महुआ बीनने का नियम बताए जाने के साथ ही वनों में आग से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### ये रहे उपस्थित

*इस दौरान परिक्षेत्र अधिकारी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी नर्सरी प्रभारी परिक्षेत्र रक्षक, वन समिति के पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।*



## कार्यालय के सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

**निर्वाचन संबंधी सुझाव प्राप्त करने की गई बैठक**

**कोण्डागांव।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य निर्वाचन संबंधी विभिन्न मुद्दों पर सुझाव प्राप्त करना था, ताकि निर्वाचन प्रकिया को और बेहतर बनाया जा सके। बैठक में मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, मतदाता सूची के शुद्धिकरण, मतदाताओं को फोटोयुक्त परिचय पत्र प्रदान करने, फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, बीएलओ के कर्तव्यों, नामांकन प्रक्रिया, सामग्री वितरण और मतगणना जैसे निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की और उपस्थित प्रतिनिधियों से इन बिंदुओं पर अपने सुझाव देने का आग्रह किया। इस अवसर पर विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार और सुझाव साझा किए। बैठक में एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आमोडीपारा में दो बाइक की टक्कर, 5 युवक हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- सड़क हादसे में 4 युवकों का पैर टूटा
- घायलों को किया गया जिला अस्पताल रिफर

थाना क्षेत्र अंतर्गत रांधना आमोडीपारा के पास रविवार को दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हो गया । हादसे में दो बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। दोनों बाइक में सवार कुल 5 युवक घायल हो गए। घायलों में से 4 युवकों का एक- एक पैर टूट गया हैं, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया है। जानकारी अनुसार जोड़ेकेरा निवासी राहुल शोरी पिता नकुल शोरी , योगेश शोरी पिता अन्नीलाल शोरी और आकाश शोरी यह तीनों बाइक में सवार होकर फरसगांव से वापस अपने गांव जा रहे थे। एक अन्य बाइक में सवार ग्राम दुधावा बीहावापारा निवासी तरुण शोरी पिता रामप्रसाद और राहुल नेताम पिता सुखचंद नेताम यह दोनों रांधना होते हुए कोंडागांव जा रहे थे। इन दोनों बाइक की रांधना आमोडीपारा मोड के पास आमने सामने जबरदस्त टक्कर हो गईं । हादसे में सभी युवक घायल हो गए और घायलावस्था में रोड किनारे पड़े हुए थे। राहगीरों द्वारा 108 एंबुलेस को फोन लगाया गया, लेकिन संजीवनी एक्सप्रेस के नहीं आने पर उन्हें देर न करते हुए निजी वाहन से उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया।





### एक की हालत गंभीर

हादसे में तरुण शोरी को मामूली चोट आई हैं। राहुल नेताम, राहुल शोरी,योगेश शोरी , आकाश शोरी का एक-एक पैर टूट गया है। लेकिन राहुल नेताम का एक पैर तीन जगह से टूट जाने से उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। चारों घायलों का फरसगांव अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया है।

### कलेक्टर ने मक्का प्रसंस्करण प्लांट का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज ग्राम कोकोडी में निर्माणाधीन मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान संस्था के प्रबंध संचालक विकास खन्ना द्वारा प्लांट के सभी ईकाइयों में निर्माण कार्य के प्रगति से अवगत कराया गया। कलेक्टर द्वारा बचे हुए कार्य को पूरा करने के लिए संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने प्लांट में पानी की उपलब्धता का जायजा लिया और पानी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आवश्यक व्यवस्था के निर्देश जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को दिए। साथ ही बिजली व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया

पेज 11 के शेष...

### कॉपर केबल चोरी...

तथा हरिश कुमार मंड़ावी 23 वर्ष निवासी पीरनार स्कुलपारा सभी थाना किरन्दुल को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक समेत उप निरीक्षक लीला राम गंगबेर, सहायक उप निरीक्षक व अन्य स्टाफ की मत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पोता व छोटे...

हेतु खंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसीसी द्वारा परीक्षा केंद्रों का सतत निरीक्षण किया गया। इस परीक्षा के सफल संचालन में सभी सीएसी और केंद्र अध्यक्ष एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं का पूर्ण सहयोग रहा। जिले के 875 केंद्र में शामिल हुए 16800 परीक्षार्थी- बस्तर जिला उल्लास साक्षरता अभियान के महापरीक्षा में बस्तर कलेक्टर हरीश एस द्वारा आदर्श परीक्षा केंद्र कलचा विकासखंड जगदलपुर में पहुंचकर परीक्षार्थी एवं उल्लास स्वयंसेवी का पुष्प गुच्छ से स्वागत कर उत्साह वर्धन किया गया। बस्तर जिले के 875 केंद्र में 16800 परीक्षार्थी उल्लास महापरीक्षा में सम्मिलित हुए। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, जिला नोडल अधिकारी राकेश खापर्डे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमएस भारद्वाज, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती देवांगन, संकुल समन्वयक विनय सिंह एवं शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

### एक महिला सहित..

वंजाम बण्डी मिलिशिया सदस्य उम्र 20 वर्ष जाति मुरिया ग्राम पंचायत मेहता वेको मासा पिता वेको हुर्रा मिलिशिया सदस्य उम्र 21 वर्ष जाति मुरिया, साकिन गंगराजपाड़ पंचायत मेहता वेट्टी हड़मा पिता वेट्टी हिड़मा मिलिशिया सदस्य उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया गंगराजपाड़ ग्राम पंचायत मेहता कुमारी ताती सोमड़ी पिता स्व. हिड़मा मिलिशिया सदस्य उम्र 33 वर्ष जाति मुरिया गंगराजपाड़ ग्राम पंचायत मेहता थाना कोंटा को घेराबन्दी कर पकड़ा गया। जिन्हें आज गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्रकरण के शेष फरार नक्सल आरोपियों की पतासाजी जारी है।

### गांजा की तस्करी...

ओडी.10 क्यू 0185, 4 मोबाइल, आधार कार्ड, आरसी व एटीएम कार्ड बरामद कर जब्त किया गया। मामले में आरोपी रवि कुमार 30 साल निवासी ग्राम नानवास, थाना बुहाना, जिला झुंझुनु राजस्थान, सिन्टू कुमार 25 वर्ष निवासी ग्राम चेलावास थाना कनीनार जिला महेन्द्रगढ हरियाणा तथा सुकरंजन राय 27 साल निवासी एमव्ही पटारू 54 थाना कालीमेला जिला मलकानगिरी ओडिशा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायायल में पेश किया गया जहां से सभी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इनकी रही महत्पूर्ण भूमिका- कार्रवाई में निरीक्षक शिवानंद सिंह के अलावा एसआई प्रमोद सिंह ठाकुर, एएसआई भुवनेश्वर पाण्डेय, प्रधान आरक्षक उमेश चंदेल, अनंत बघेल, विनोद चांदने, हीरालाल भंडारी, आरक्षक युवराज सिंह ठाकुर, रवि सरदार, रवि कुमार ठाकुर व सोनू गौतम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 15 किलो गांजा...

राजकुमार सिंह तथा सुनैना पटेल, महिला आरक्षक काजल वेलादी, रेखा वर्मा, आरक्षक गिरीश नेताम, मनीष ठाकुर, हरिराम यादव, ईश्वर ठाकुर, देवेन्द्र नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

**सभी के लिए पात्र शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत वेतनमान का जनरल आदेश जारी करे शासन**

# शिक्षकों ने शासन से क्रमोन्नत वेतनमान की मांग को लेकर दिया ज्ञापन, सोना प्रकरण से शिक्षक आशान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा एवं कोण्डागांव जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह ने सोना साहू के पक्ष में हुए उच्च न्यायालय के डबल बैंच के निर्णय के आधार पर राज्य शासन शिक्षा विभाग से मांग किया है कि प्रदेश में कार्यरत सभी एल बी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत वेतनमान का निर्धारण करने आदेश जारी करे। तदानुसार पात्रताधारी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान देने का जनरल आदेश किया जाये।

- शासन से संवाद कर आदेश जारी कराने टीचर्स एसोसिएशन करेगा पहल
- क्रमोन्नत वेतनमान के लिए उच्चाधिकारियों को पूर्व में दिया गया है आवेदन

### प्रदेश में कार्यरत सभी एल बी संवर्ग शिक्षकों की मांग

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला कोण्डागांव जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, प्रदेश पदाधिकारी चन्द्रकांत ठाकुर, अखिलेश राय, नीलम श्रीवास्तव, जिला सचिव संजय राठौर, जिला उपाध्यक्ष नरेश ठाकुर, चर्न्दकांत जैन, सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, सदाराम चतुरवेदानी, नवलराम, ब्लॉक अध्यक्ष मन्नाराम नेताम, रमेश प्रधान, रामसिंह मरावी, सुकुराम नेताम, डोमन मरकाम, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ मालती ध्रुव, जिला महिला प्रकोष्ठ दंतेश्वरी नायडू जिला पदाधिकारी कर्ण सिंह बघेल, प्रभुलाल केंद्रों, गुरदीप छाबड़ा, शम्भू नेताम, दिनेश नाग, काशी उसेण्डी, अवनेश दादोरिया, फुलधर देवांगन, राजेन्द्र पाण्डेय, शिव कुमार तिवारी, अशोक साहू, अवध किशोर मिश्रा, अनील कोर्राम, साधुराम मरकाम, मायाराम उसरे ने कहा है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिनांक 24.04.2006 व दिनांक 10.03.2017 को क्रमोन्नत वेतनमान के लिए 10 वर्ष में प्रथम व 20 वर्ष में द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ प्रदान करने का जारी आदेश के तहत प्रदेश में कार्यरत सभी एल बी संवर्ग के लिए आदेश जारी किया जावे।



### छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन व शिक्षक मोर्चा तैयार करेंगे रणनीति

इस संदर्भ में शिक्षक संवर्ग द्वारा क्रमोन्नत वेतनमान के लिए संबंधित अधिकारियों विकास खंड शिक्षा अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद व जिला पंचायत, जिला शिक्षा अधिकारी, संयुक्त संचालक एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन वित्त एवं योजना विभाग द्वारा 10 अगस्त 2009 के आदेश जिसमे एक विभाग से दूसरे विभाग में समान वेतनमान अथवा भिन्न वेतनमान के पद पर संविलियन होने पर पहले विभाग की सेवा अवधि समयमान वेतन के लाभ के लिए गणना में शामिल करने का प्रावधान किया गया है। अतः छत्तीसगढ़ शासन वित्त एवं योजना विभाग द्वारा 10 अगस्त 2009 के आदेश का लाभ एल बी संवर्ग के शिक्षकों को दिए जाने का आदेश जारी किया जावे। ज्ञात हो कि क्रमोन्नति वेतनमान सहायक शिक्षकों के लिए व शिक्षक, व्यायाम व उर्दू शिक्षक एवं व्याख्याता के लिए समयमान वेतनमान प्रचलन में है। ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण, न्यूनतम पेंशन एवं पूर्ण पेंशन के लिए प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा अवधि की गणना का लाभ दिलाने छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, शिक्षक मोर्चा के साथ रणनीति तैयार करेगा।

**खबर संक्षेप**

## प्रमाण पत्र बनाने समीक्षा बैठक का आयोजन



भोपालपटनम। कलेक्टर जिला बीजापुर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भोपालपटनम के अध्यक्षता में तहसीलदार भोपालपटनम, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी ने समस्त हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल, मिडिल स्कूल, प्राइमरी स्कूल, पोटा केबिन, आश्रम, छात्रावास, तथा अशासकीय संस्थाओं के प्राचार्य एवं प्रधान अध्यापकों का बैठक आयोजित कर बच्चों का शत प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनाने, अपार आईडी तैयार करने, जन्म प्रमाण पत्र बनाने की समीक्षा की गई। 2 दिवस के भीतर समस्त विद्यार्थियों के जाति आवेदन पत्र भरकर तहसील कार्यालय में जमा करने निर्देशित किया गया। विभागीय योजनाओं का योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की समझाइश दी गई। शालाओं में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ–साथ विभागीय योजनाओं का समय सीमा में पूर्ण कर अधिक से अधिक बच्चों को लाभान्वित करने निर्देशित किया गया।

## जिले में 447 दिव्यांग श्रमिकों को मिला रोजगार



**दंतेवाड़ा**। जिले में जिला प्रशासन ने विशेष रूप से अक्षम (दिव्यांग) श्रमिकों के जीवन स्तर और आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने के लिए मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराने की पहल की है। जिले के सभी ब्लॉकों में इस योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को काम दिया जा रहा है, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है। नियद नेलानार योजना में शामिल गांव धुरली, गमावाडा, झिरका ,कमालुर, मूलेर एवं बानपुर के दिव्यांग श्रमिकों को भी रोजगार मिल रहा है। जिसमें उन्हें पानी पिलाने का कार्य, पंजी संधारण का कार्य, झूला घर देखरेख जैसे हल्के श्रम का कार्य प्रदान किया जा रहा है।मनरेगा के तहत दिव्यांगजनों को मजदूरी कार्यों में शामिल करने का प्रावधान है, जिससे वे भी अन्य लोगों की तरह कार्य कर सकें और सम्मानजनक जीवन-यापन कर सकें।











# पाथरी में पति-पत्नी ने दी परीक्षा

### स्कूल कभी गए नहीं अब बुढ़ापे में निरक्षर होने का कलंक मिटाने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के बकावंड ब्लॉक के ग्राम पाथरी के प्राथमिक शालाओं में रविवार को ग्रामीण पति-पत्नी और अन्य लोग परीक्षा देने पहुंचे। शिक्षक अनाम कश्यप ने बताया कि जिन लोगों ने कभी स्कूल का मुंह नहीं देखा था ऐसे लोगों को साक्षर बनाने के लिए सरकार ने पहल की है। लोगों को यह समझाया गया कि साक्षर बनने पर प्रमाण पत्र मिलेगा और अनपढ़ होने का जो कलंक है वह मिट जाएगा। हरिभूमि से चर्चा में खासपारा के मंगलसाय कश्यप ने बताया कि मेरी पत्नी जगबती और मैं दोनों ने आज परीक्षा दी। वहीं बोलोराम ने भी 60 साल की उम्र में परीक्षा देने पर अलग तरह का अनुभव मिलने की बात कही। 40 से 65 साल तक के गांव के महिला, पुरूषों ने परीक्षा में भाग लिया। इस मौके पर शिक्षक नीलकुमार बघेल, बुधराम कश्यप, द्रोपदी बेसरा, बरनाड मिंज आदि मौजूद थे। बताया गया कि लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए चाय और बिस्किट दिया गया। प्राचार्य शिवा रेड्डी ने बताया कि बास्तानार ब्लाक के दुलाराला स्कूल में दूधमुहे बच्चे के साथ महिलाएं पहुंची। कुछ महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों को साथ लेकर आईं।

### सी 22वीं वाहिनी सुरक्षा बल ने चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

# जवानों ने बांटी ग्रामीणों को साइकिल और किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मद्देड़





पुलिस महानिरीक्षक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निर्देशानुसार बीजापुर जिले के मोदकपाल सी/22 वीं वाहिनी केरिपु बल निर्देशानुसार संचालित नागरिक सहायता कार्यक्रम के तहत ग्राम मोदकपाल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं सहायता सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस पहल का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों को आवश्यक सहायता प्रदान कर सुरक्षा बलों और जनता के बीच मजबूत संबंध स्थापित करना था। कार्यक्रम का उद्‌घाटन मोहित कपूर कमांडेंट द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजीव कुमार द्वितीय कमान अधिकारी एडम व पंकज कुमार द्वितीय कमान अधिकारी परिचालन संजीव कुमार शर्मा सहायक कमांडेंट सी/12 वाहिनी की उपस्थिति में कमांडेंट मोहित कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल न केवल नागरिकों की सुरक्षा करता है, बल्कि भारत सरकार की नीति के अनुरूप स्थानीय समुदायों के विकास और सहयोग को भी बढ़ावा देता है। यह नागरिक सहायता कार्यक्रम हमारी इसी जिम्मेदारी का हिस्सा है, जिससे ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को साइकल, एलइडी टीवी, कपड़े, स्टेशनरी, खेल सामग्री, जल भंडारण टैंक, विभिन्न खेल सामग्री, गमछा, कंबल, बर्तन कुदाल, गैंती एवं कृषि उपकरण वितरित किए गए। इसके तहत अति संवेदनशील ग्राम, मोदक पॉल, सैंड्रल, पंगनपल्ली, ग्राम पंचायत मुर्किनार गांवों के सैंकड़ों ग्रामीणों को लाभ मिला, जिनमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल थे। इसके साथ ही, डॉ अशोक नारायण मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परामर्श, उपचार एवं दवाएं प्राप्त की। ग्राम सरपंच और जनप्रतिनिधि ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि केरिपु बल के द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम हमारे गाँव के लिए बहुत उपयोगी साबित हुआ है। इससे न केवल चिकित्सा सुविधा मिली, बल्कि लोगों को विभिन्न आवश्यक सामग्री भी प्राप्त हुई, जिससे उनका जीवन आसान हुआ। मोहित कपूर कमांडेंट के द्वारा नौजवानों व ग्रामीणों के मनोबल को ऊंचा रखने व बल में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया, बल के लाभ के बारे में जानकारी दी ग्रामीणों क्षेत्र के महिला पुरुषों, स्कूली छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि के रि पु बल को अपना हितैषी समझें तथा अपनी समस्या साझा करें जिस पर हर संभव प्रयास किये जायेंगे।

नागरिक सहायत द्वारा किए जा रहे ये प्रयास न केवल स्थानीय समुदायों के लिए लाभकारी हैं, बल्कि केरिपु बलों और जनता के बीच विश्वास और सहयोग को भी सुदृढ़ करते हैं। इस पहल से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिला, साथ ही के रि पु बलों के प्रति उनकी आस्था और समर्थन और अधिक गहरा हुआ, जिससे भविष्य में बेहतर समन्वय और सौहार्द की संभावना मजबूत हुई है। कार्यक्रम के उपरांत ग्रामीण भोजन कर खुशियाँ मानते हुए अपने घरों को चले गए तो बच्चे भारत माता की जय का नारा लगाते हुए विदा हुए ।

# केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने जीता ग्रामीणों का दिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

कोण्डापारा गाँव में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत 231वीं वाहिनी, सीआरपीएफ की सी एंव एफ समवाय ने शासकीय विद्यालय में गाँववालों को भोज करवाया तथा ग्रामीणों को जरुरी उपयोग के सामानो का वितरण किया। जिसमें साड़ी, लुंगी, गमछा, चप्पल, कंबल, स्कूल बैग, स्कूल ड्रेस,

■ **ग्रामीणों को साड़ी, सोलर लैंप व साईकिल वितरण किया**

नोटबुक, पेंसिल बॉक्स, पानी की टंकी, सोलर लैंप, फावड़ा, गेन्ती, पतीला, कड़ाही, किकेट, वॉलीबाल तथा फुटबॉल खेल से संबंधित सामग्रियों के साथ-साथ साईकिल का भी वितरण किया गया। सिविक एक्शन प्रोग्राम के साथ मेडिकल कैम्प का आयोजन भी किया गया जिसमें डॉ. सुब्रतो मण्डल, सी.एम.ओ. के द्वारा ग्रामीणों को जरुरत की दवाईयाँ वितरित की गई। इसके अलावा इस वाहिनी द्वारा ग्राम पंचायत अरनपुर तथा पोटली के सामुदायिक सहभागिता उद्देश्य के लिए एल.ई.डी. टेलीविजन, 50 नग स्टील प्लेट (थाली) व ग्लास भी वितरित किए गये ताकि विशेष अवसरो / उत्सवो के दौरान ग्रामीणों द्वारा इस्तेमाल किया जा सके। सुनील भवर, कमाण्डेन्ट-231वीं वाहिनी, सीआरपीएफ के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, साथ ही सोलंकी विजयकुमार मनोहरराव, सहायक कमाण्डेन्ट, राजेश, सहायक कमाण्डेन्ट, जनपद सदस्य जनपद-पोटली, अरनपुर थाना प्रभारी, अरनपुर सरपंच, अरनपुर उपसरपंच एवं सैकड़ों ग्रामीण भी इस कार्यकम में मौजूद रहे। इस अवसर पर सुनील भवर, कमाण्डेन्ट-231वीं वाहिनी, सीआरपीएफ ने ग्रामीणों को अवगत कराया कि वे अपने बच्चों को शिक्षित एवं जागरुक करे जिससे कि वे देश के बेहतर नागरिक बन सके तथा देश के विकास में अपना योगदान दे सके साथ ही उन्होने अवगत कराया कि सीआरपीएफ का उद्देश्य ग्रामीणों के मन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है। इसके पश्चात वहाँ उपस्थित सभी ग्रामीणों ने सीआरपीएफ द्वारा किये गये इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा सीआरपीएफ का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# नशामुक्ति को लेकर दरभा थाना एवं पखनार चौकी पुलिस ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ सिन्हा के मार्गदर्शन मे पुलिस चौकी पखनार ने नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया साइबर अपराध यातायात नियम और महिलाओं से संबंधित कानून की जानकारी दी पुलिस चौकी पखनार ने गुमड़पाल मे तीर्थधारा महिला समिति द्वारा महिला मंडई कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

पखनार चौकी प्रभारी राजेश कुमार राठौर के नेतृत्व मे लोगों को नशा मुक्ति अभियान को लेकर जागरूक किया।साइबर अपराध यातायात नियम तथा महिलाओं से संबंधित अपराधों के लिए बने कानून की जानकारी दी। दरभा पुलिस पखनार चौकी पुलिस ने स्थानीय गुमड़पाल महिला मंडई मे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया निरीक्षक राजेश कुमार राठौर ने ग्रामीण, व्यापारी,तथा चालकों को बढ़ते अपराध की रोकथाम को जागरूक करते कहा की सड़क दुर्घटना में घायल होने वालों को वह अस्पताल तक पहुंचाएं एक नेक व्यक्ति बने उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा।

साइबर अपराधी उन्हें विभिन्न माध्यम से ठगी कर सकते हैं। जिसके लिए सावधान रहना है मोबाइल पर अज्ञात मैसेज बैंक से संबंधित जानकारी ओटीपी आदि का आदान-प्रदान नहीं करना है नशे से युवाओं को दूर रहना है इसके अलावा बाल भिक्षावृत्ति,बाल श्रम,मानव तस्करी,की रोकथाम बाल अपराध,महिला अपराध व सुरक्षा आदि की जानकारी दी। सबसे पहले लोगों को यह जानकारी होनी चाहिए कि साइबर अपराध क्या है जैसे वर्तमान में डिजिटल अरेस्ट, वॉइस चेंजर, लोन गेमिंग,ऑनलाइन एप्लीकेशन शेयर ट्रेडिंग इन ए महंगी चीज सस्ते में देने का लालच फेक फेसबुक इंस्टा आईडी से रुपयों के मांग फर्जी अश्लील वीडियो कॉल आदि माध्यम से लोगों को कैसे डरा कर फसाया जा रहा है की जानकारी दी गई। इसे बचाने हेतु बताया गया कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान नहीं होता यह सब साइबर क्रिमिनल के हथकंडे हैं जिनमें न फंसे एवं किसी भी प्रकार से कोई ओटीपी शेयर ना करें।

## बिजली, पानी की समस्या से गांव में परेशानी : मौर्य

घाटलोहंगा। पूर्व जनपद पंचायत सदस्य और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बैद्यनाथ मौर्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर जनपद पंचायत क्षेत्र में इन दिनों बिजली और पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है, जिससे गांवों में हाहाकार मच गया है। बावजूद इसके, सरकार इस संकट पर चुप्पी साधे हुए है और किसी भी प्रकार की त्वरित कार्रवाई करने के बजाय मौन व्रत धारण किए हुए है। बैद्यनाथ मौर्य ने कहा कि बस्तर के कई गांवों में बिजली की कटौती ने ग्रामीणों के जीवन को बेहाल कर दिया है। किसानों के लिए सिंचाई की समस्या गंभीर हो गई है, क्योंकि वे बिना बिजली के अपने खेतों में पानी नहीं दे पा रहे हैं। गर्मी के मौसम में पानी की भारी किल्लत भी उत्पन्न हो गई है। सरकारी जल आपूर्ति योजना की स्थिति बदतर हो चुकी है, और कई गांवों में लोग पानी के लिए भटक रहे हैं। कई बार पानी के लिए लंबी-लंबी लाइनों में खड़े रहने के बावजूद भी गांवों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।



# विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम हुआ शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम प्रथम स्तर का भाषण प्रतियोगिता नोडल जिला दंतेवाड़ास शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा में शुक्रवार को किया गया।

संस्था की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. शिखा सरकार ने बताया कि भारत सरकार खेल एवं युवा मंत्रालय द्वारा विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम संचालित करवाने की निर्देश प्राप्त हुए 18 से 25 वर्ष के युवाओं को देश की संसद एवं राज्यों के संसद में बोलने का अवसर प्राप्त हो रहा है संसद में युवा वर्ग अपने मत रख सकेंगे उनके सुझावों पर अमल किया जाएगा। देश की कार्यपालिका को समझने का शुभ अवसर बच्चों को प्राप्त होगा। निर्णायक समिति के द्वारा 10 प्रतिभागियों का चयन किया गया तथा पुरस्कार प्रदान किया गया। तिलेश्वरी नागेश जिला पंचायत सदस्य जिला दंतेवाड़ा प्रतिनिधि नंदलाल मुड़ामी अध्यक्ष जिला पंचायत दंतेवाड़ा कार्यक्रम में उपस्थित थी। विशिष्ट अतिथि गुप्त कैलाश मिश्रा उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद् दंतेवाड़ा हमें बताया कि विकसित भारत एवं संरक्षण के बच्चों की भूमिका आम है तो उनका उतर अवार्ड करना चाहिए रमेश गावड़े उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दंतेवाड़ा मैं बच्चों को प्रोत्साहित करते प्रोत्साहित करते हुए उन्हें विकसित भारत के भविष्य निर्माता कहा। सोहन कुमार अंबष्ट जिला शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें शिक्षित होकर समाज निर्माण में 1 अपनी भूमिका प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। नोडल अधिकारी दुष्यंत कुमार तारामणि बताया माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कर मेगा इवेंट में विकसित भारत युवा सांसद नोडल दंतेवाड़ा चुनने के बाद विभाग द्वारा वीडियो अपलोड किए गए थे जिसकी स्क्रीनिंग स्क्रुटनी समिति के द्वारा की गई थी।

प्रोसेस क्रमांक.. 48/2025
पेशी तारीख 04/04/2025

:: मुकदमें के फैसले के बारे में समंस ::
(सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5, रूल्स 1 और 5)
दीवानी मुकदमा नं. 04/2025 सन्

अदालत :-...............................................
राफिया परवीन उर्फ खुशबू व अन्य.............
आवेदकगण
विकास कुमार व अन्य...............................
अनावेदकगण
बनामः- **आम जनता**

क्योंकि आवेदक ने तुम्हारे खिलाफ उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 04/2025 का मुकदमा दायर किया है, तुम्हे इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि तुम इस अदालत में तारीख 04 माह 04 सन् 2025 ई. को दिन के 11 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक-ठीक तौर से समझा दी हो और जो कि मुकदमें के बारे में कुल जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जोकि ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमें का जवाब देने के लिए हाजिर हो जावो और तुम्हारी हाजरी के लिये मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखरी फैसले के वास्ते रखे जाने की वजह से तुम्हें उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा कि जिन पर तुम अपने बचाव को पुख्ती के लिये भरोसा रखना चाहते हो।

तुम्हें ताकीद की जाती है कि यदि तुम तारीख मजकूर पर हाजिर न होवोगे तो तुम्हारी गैर हाजरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा।

आज तारीख 05 माह 03 सन् 2025 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

मुहर    जज

HEALTH TOWN

श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा , कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
● आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच ● बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया ● लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा ● चश्मा ● नासूर की शल्यक्रिया
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
ISO 9001
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

कोण्डागांव सुपर मार्केट विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 94791-66051

शौकीन हाउस, मेन रोड कोण्डागांव मो.- 9977719190, 7000708887
(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर्स)
BLUE STAR Whirlpool SAMSUNG SONY Symphony
शौकीन इण्डिया
मो.- 94242 96333, 7000708887
हमोर यहाँ सभी कम्पनियों के लेपटॉप, कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, DSLR कैमरा एवं अन्य समान उपलब्ध है।

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
◆ कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
◆ 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
◆ लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान, मक्का, सोयाबीन, गेंहू, मूंग आदि की कटाई-मिंजाई के लिए।
100% Swadeshi
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता -
मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला–धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

## खबर संक्षेप

### टमाटर 10 रुपए किलो में बिका



जगदलपुर। साप्ताहिक बाजार में रविवार को शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र खरीददार पहुंचे। बाजार में टमाटर 10, मटर 60, करेला 60, फूलगोभी 50, भिंडी 60, आलू 30, प्याज 40, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है। सब्जियां सस्ते होने से बाजार में भीड़ अधिक रही।

### परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की हुई बैठक

जगदलपुर। वित्तीय वर्ष 2024-25 में सितम्बर 2024 एवं दिसम्बर 2024 जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक कलेक्टर हरीश एस. की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में किया गया। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, आरबीआई और नाबार्ड के प्रतिनिधि, लीड बैंक अधिकारी जी तिर्की सहित सभी बैंकों के प्रतिनिधि और विभिन्न विभागों जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही विवरण में चर्चा किया गया। इसके साथ ही जमा अग्रिम, ऋण जमा अनुपात पर चर्चा, जिलों के बैंकिंग गतिविधियों पर चर्चा, कृषि विभाग, एनआरएलएम (क्रेडिट लिंकेज) मुद्रा योजना, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र,खादी ग्रामोद्योग बार्ड,जिला अंत्यावसायी विभाग पशु पालन विभाग,मत्स्य पालन विभाग, एनयूएलएम, भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सहित अन्य विषयों पर चर्चा किया गया।

### युवा एवं इको क्लब कार्यशाला का आयोजन



जगदलपुर। जिले में दो दिवसीय युवा एवं इको क्लब कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला कलेक्टर हरीस एस और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन के निर्देशन में किया गया। इस जिला स्तरीय युवा एवं इको क्लब कार्यशाला के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल और जिला मिशन समन्वयक अखिलेश मिश्रा के द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारियों, खण्ड स्त्रोत समन्वयक एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जिला स्तरीय युवा एवं इको क्लब कार्यशाला में प्लास्टिक साक्षरता के अंतर्गत प्लास्टिक की उत्पत्ति, इसके विभिन्न प्रकारों, उपयोग और समाज व मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा की गई। कार्यशाला में विश्व पर्यावरण दिवस पर गौरैया की घटती संख्या, विश्व वन दिवस और विश्व जल दिवस के महत्व पर भी चर्चा की गई। बस्तर जिले के सातों विकासखंडों से आए शिक्षकों ने इसमें सक्रिय भागीदारी निभाई।

### जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रक्रिया सरलीकृत

जगदलपुर। प्रदेश में जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रक्रिया को वर्तमान में सरलीकृत किया गया है। जिसके तहत जन्म मृत्यु की घटना जहां जिस जगह पर होती है वहां के पंजीयक संस्था यथा ग्राम पंचायत सचिव, शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी, स्थानीय नगरीय निकाय के प्रभारी द्वारा उक्त पंजीयन संबंधी प्रक्रिया संपादित की जाती है। इसे मद्देनजर रखते हुए जनसाधारण को जन्म-मृत्यु का पंजीयन त्वरित रूप से अर्थात तीन सप्ताह के भीतर अनिवार्यतः करवाना चाहिए। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लागू जन्म-मृत्यु पंजीयन अधिनियम 1969 एवं जन्म-मृत्यु पंजीयन (संशोधन) अधिनियम 2023 पर आधारित जन्म-मृत्यु पंजीयन नियम 2001 के तहत जन्म-मृत्यु पंजीयन किया जा रहा है। अधिनियम के अंतर्गत जन्म मृत्यु पंजीयन को समान एवं अनिवार्य बनाया गया है और पंजीकरण घटना के स्थान पर संबंधित पंजीयक के द्वारा ही किया जाता है। इसके बाद 16 सितम्बर 2014 से पंजीयक जन्म-मृत्यु पंजीयन नियुक्त किया गया है।

# बोदानार दक्षिणी क्षेत्र में मृत तीन नक्सलियों की हुई शिनाख्त, एक के लिए कवायद जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बोदानार के दक्षिणी ईलाके में फोर्स व नक्सलियों के मध्य हुई मुठभेड़ में चार नक्सलियों का शव

- तीन मृत नक्सलियों के परिजन पहुँचे, पुलिस ने शव सौंपा, एक मृतक नक्सली के परिजन नहीं पहुँचे, आजभर होगा इंतजार

मिला था, जिसमें दो की शिनाख्ती पुलिस ने कर लिया था, परंतु दो की शिनाख्ती नहीं हो पाई थी। दो में से एक की शिनाख्ती हो गई, वहीं एक की शिनाख्ती अभी तक नहीं हो पाई। नक्सलियों के शव को लेने के लिए कांकेर पहुंचे परिजनों से मीडिया ने बातचीत किया तो उन्होने बताया कि समाचार पत्रों में फोटो छपने के उपरांत ही हम लोग पहचान पाएं।



शव को लेने के लिए कांकेर थाना पहुँचे परिजनों को सबसे पहले अस्पताल भेजकर शव की पहचान करवाया गया और पहचान होने के बाद पुलिस ने परिजनों से बयान लिया और उसके बारे में जानकारी को एकत्र किया गया। पुलिस ने जानकारी व दस्तावेज लेने के उपरांत परिजनों को शव सौंप दिया। एक अज्ञात की शिनाख्ती अभी तक नहीं हो पाई। इसके लिए अभी तक पुलिस से किसी ने संपर्क नहीं किया है। पुलिस प्रदेश स्तर पर शव की फोटो को सभी थानों में भेजकर पहचान करवाने का प्रयास जारी है।

### लोकेश के परिजन शव लेने पहुँचे

आठ लाख का ईनामी कंपनी नंबर 05 के प्लाटून नंबर 01 के सेक्शन ए का सेक्शन कमांडर लोकेश सेमला का भाई रमेश सेमला अपने अन्य 04 लोगों के साथ शव लेने पहुँचा। मृतक के भाई ने बताया कि उसकी उम्र लगभग 35 साल की होगी और चीपुरभट्टी ग्राम थाना बासागुड़ा तहसील उसूर जिला बीजापुर के निवासी है। उसने बताया कि 19 साल पहले 2006 में नक्सलियों के साथ चला गया था और परिजनों से मिलने 2016 में आया था, उसके बाद वापिस कभी घर नहीं आया। शव को लेनने के लिए भाई के साथ पुनेम मंगू, राजू सेमला, राजेश कड़ती आए हुए थे।

# शिविर में दिव्यांगजनों को दिया गया सहायक उपकरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन समाज कल्याण विभाग द्वारा रविवार को किया गया। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, जबलपुर के एडिप योजना के तहत जिले चयनित 374 दिव्यांगजनों को 660 सहायक उपकरण राशि 32 लाख का सामग्री निःशुल्क वितरण सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप के कर कमलों के द्वारा किया गया है, जिसमें जिले के सातों विकासखण्ड के उपस्थित दिव्यांगजनों को प्रदाय किया गया। उक्त सामग्री हेतु हितग्राहियों का चयन भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के द्वारा वर्ष 2023 में चयन किया गया था, ट्राय यसायकल, बैटरी ट्राय सायकल, श्रवण यंत्र, बैशाखी, रोलेटर, व्हीलचेयर, वाकिंग स्टीक, स्मार्ट फोन, सुगम्य कैन, एडिएल कीट आदि निःशुल्क उपलब्ध कराया गय है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम कश्यप, सरपंच, ग्राम पंचायत



आड़ावाल जयंती कश्यप, ज. पंचायत सदस्य श्रीति शर्मा, समाज कल्याण विभाग उप संचालक श्रीमती सुचिता लकडा तथा समाज कल्याण विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारीगण तथा जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारीगण तथा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के कर्मचारी-अधिकारी गण के उपस्थिति में कार्यक्रम किया गया ।

# खेल महोत्सव के विजेताओं को मिला पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ खेल महोत्सव का जिला स्तरीय आयोजन प्रियदर्शनी स्टेडियम में किया गया। खेल महोत्सव के विजेताओं को बस्तर पण्डूम कार्यक्रम स्थल में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पुरस्कार और नगद इनामी राशि दिया गया। रस्साकस्सी में महिला वर्ग में लोहंडीगुड़ा विकासखंड प्रथम स्थान मिला, पुरुष वर्ग में जगदलपुर विकासखंड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संखली खेल में महिला और पुरुष वर्ग में लोहड़ीगुड़ा ब्लॉक ने पहला स्थान प्राप्त किया। गेड़ी दौड़ में महिला वर्ग में कमला कश्यप लोहड़ीगुड़ा ब्लॉक और पुरुष वर्ग में लच्छिन नाग लोहड़ीगुड़ा ब्लॉक ने पहला स्थान प्राप्त किया।

# स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा थीम पर अध्ययनशाला में हुई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के अध्ययनशाला में साफ सफाई हुआ यह कार्य सात दिवसीय विशेष शिविर लगाने के लिए पूर्व अभ्यास के रूप में अध्ययनशाला की साफ सफाई किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की थीम स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा पर ग्राम कविआसना में सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 24 से 30 मार्च तक लगाया जाएगा। इस दौरान 80 स्वयंसेवकों ने भाग लिए सभी ने 10 के ग्रुप में अपना ग्रुप बनाया है सभी ने साफ सफाई करके विशेष शिविर को



सफल बनाने के लिए पूर्व अभ्यास किया। महादल नायक भुवन सिन्हा,महादलनायिका सुश्री सुमन राठौर को बनाया गया। आज सुबह 8 बजे सभी स्वयंसेवकों ने विशेष शिविर के दौरान क्या क्या करना है यह पूरा कार्य योजना बना लिया। इसके बाद सभी विद्यार्थी ने राष्ट्रीय सेवा योजना का नारा, गीत गाते हुए अध्ययनशाला बीएड भवन, एमबीए भवन,कंप्यूटर भवन की साफ सफाई किया।

# स्टैण्ड पर बसें नहीं रूकने से यात्री हो रहे परेशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रोडवेज बस अड्डे का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। बस अड्डे पर बसों

- बसों को स्टैंड में रूकें अन्यथा होगी कार्रवाई

का ठहराव न होने पर यात्रियों को चौराहे तक की दौड़ लगानी पड़ रही है। परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी निरीक्षक अनिल गारदे ने बताया कि बस्तर संभाग अंतर्गत जिला मुख्यालय कोंडागांव बस स्टैंड में बस खड़ी नहीं हो रही थी। उसके लिये उड़नदस्ता जगदलपुर की टीम ने पहुंचकर समस्त बस ऑपरेटरों को कहा गया कि सभी बसों को बस स्टैंड में रुकने को कहा गया, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

# शासन के अल्टीमेटम की प्रति जलाकर सचिवों ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीयकरण की एकसूत्रीय मांग को लेकर पिछले पांच दिन से हड़ताल कर रहे पंचायत सचिवों ने शासन के 24 घटें के भीतर हड़ताल समाप्त करने के आदेश की प्रति को जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। सचिवों ने कहा कि 1 अप्रेल तक मांग पूरी नहीं होने पर प्रदेश भर के सचिव मंत्रालय का घेराव करेगें।

हड़ताल कर रहे सचिवों ने मांग पूरी नहीं होने पर आत्मदाह की



चेतावनी देते हुए कहा कि मोदी की गारंटी पूरी नहीं होने पर प्रदेश पंचायत सचिव संघ के बैनर तले पिछले 5 दिनों प्रदेश के 11 हजार से अधिक सचिव काम बंद कलम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। जगदलपुर ब्लाक अध्यक्ष ललित कुमार पाण्डे व अन्य सचिवों ने बताया कि प्रदेश सचिव संघ ने केंद्र सरकार के दो साल के भीतर नियमितीकरण के वादे को लेकर सरकार के खिलाफ धरना देकर आवाज उठा रहे है। सरकार के अल्टीमेटम के बाद हमने राज्य सरकार के आदेश की कॉपियां जलाई और अपनी मांगों को लेकर हड़ताल खत्म नहीं करेगें। प्रदर्शन के बाद भी मांग पूरी नही होने पर सचिवों ने आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। इस दौरान राज्य सरकार के आदेश की कॉपियों को सचिवों ने धरनास्थल में जलाकर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। पंचायत सचिवों के काम बंद कलम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल से पंचायतों में सभी तरह के कार्य ठप्प पड़े हैं. ग्रामीणों को काम कराने सरकारी दफ्तरों का चक्कर काटना पड़ रहा है। सचिव सघं अध्यक्ष ललित पाण्डे ने बताया कि सचिव 29 विभाग के 2 सौ से अधिक प्रकार के कार्य करते हैं बावजूद हमारी जायज मांग पूरी नहीं की जा रही है।

# उपकेन्द्र से 10 गांव के 2803 उपभोक्ताओं को मिलेगी बेहतर बिजली सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के सभी जिलों में विद्युत कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए उपकेन्द्रों की स्थापना की जा रही है। इसी क्रम में

- बागोडार में विद्युत उपकेन्द्र में अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना

ग्राम बागोडार में संचालित 33, 11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए क्षमता का एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना पश्चात विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर



द्वारा ऊर्जीकृत किया गया। विद्युत उपकेन्द्र बागोडार में नवस्थापित 3.15 एमव्हीए अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना लागत 67.28 लाख रूपए है एवं जिससे लगभग 30 किमी विस्तारित उच्चदाब लाईनों द्वारा कांकेर विकासखण्ड के 10 ग्रामों में 2803 विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस क्षेत्र में अब तक बागोडार विद्युत उपकेन्द्र में स्थापित 3.15 एमव्हीए क्षमता के एक मात्र पावर ट्रांसफार्मर से विद्युत की आपूर्ति की जाती थी। एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना से बागोडार विद्युत उपकेन्द्र में चल रहे भार में राहत मिलेगी। इस क्षेत्र में कृषि कार्य हेतु 371 विद्युत कृषि पंप विद्यमान हैं। सिंचाई हेतु कृषि पंप चलने से विद्युत ऊर्जा की खपत बढ़ती है। एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना पश्चात भविष्य की मांग वृद्धि का बेहतर प्रबंधन किया जा सकेगा। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता सीएच मरकाम, कार्यपालन अभियंता एसके किण्डो, शशांक श्रीवास्तव, आरके बांसकर, सहायक अभियंता एफआर तिग्गा, वेद प्रकाश कनौजे, बसंत कुमार कोड़ोपी एवं कनिष्ठ अभियंता एण्टोनी कुजुर शामिल रहे।

# बम्हनी में हुआ सास-बहू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानगुर के अंतर्गत सेक्टर नगरनार के ग्राम पंचायत भवन बम्हनी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सास बहू सम्मेलन में

- आपसी परिचय कर वाद विवाद की हुई स्पर्धा

आयोजित किया गया। इसमें सास बहू का सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया गया, साथ ही आपसी परिचय कर वाद विवाद की प्रतियोगिता संपन्न की गई। इसके बाद सीमित और सुरक्षित परिवार के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर ब्लॉक की ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर शकुंतला, ब्लॉक के बीटीइओ श्रीमती सुनैना सेते,




सुपरवाइजर नामनारायण सेठिया और श्रीमती रेखा यादव अपने विभाग के सभी कर्मचारियों के साथ शामिल रहे। बीपीएम शकुंतला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस तरह की आयोजन में समुदाय को स्वास्थ्य विभाग से जोड़ने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश राज्य स्तर से प्राप्त होते हैं, जिसका फायदा क्षेत्र की जनता को दिए जाने का प्रयास स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाता है। इसी तरह बीटीइओ श्रीमती सुनैना सेते द्वारा सभी महिलाओं को अपने सीमित और सुरक्षित परिवार को समृद्ध बनाए रखने के लिए और उनके सही ढंग से लालन पालन के बारे में सबको बताया गया। कार्यक्रम का संचालन सुपरवाइजर नारायण सेठिया द्वारा किया गया।

# भगवान के घर जाएं तो मांगने का भाव नहीं आना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के वृंदावन कॉलोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का रविवार को भक्तों द्वारा जमकर फूलों की होली खेलने के साथ समापन हो गया।

- जीते जी मुक्ति चाहते हैं तो हर कार्य में ईश्वर कृपा देखिए
- धन है तो सद्कार्य में लगाएं दिखावा से किसी का भला नहीं

इस मौके पर सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए वृंदावन धाम से लेकर पहुंचे भागवताचार्य गोपाल ने कहा कि सुदामा गरीब है थे, किंतु उन्होंने कभी किसी के सामने हाथ नहीं फैलाया, जबकि द्वारकाधीश उनके परम मित्र थे। यह प्रसंग शिक्षा देता है कि जब भी भगवान के घर जाएं तो मन में मांगने का भाव नहीं





### दिखावा से ही आर्थिक बोझ

भागवत कथा के अंतिम दिन समरासूर राक्षस और कामदेव की पत्नी रति की कहानी सुनाते हुए कथाकार ने कहा कि जीते जी मुक्ति चाहते हैं तो हमें हर कार्य में ईश्वर कृपा देखनी चाहिए। भक्ति कार्य में दिखावा नहीं होना चाहिए। व्यक्ति के आव भाव से पता चल जाता है कि वह क्या सोच रहा है। उन्होंने कहा दिखावे का काम नहीं होना चाहिए। धन है तो सद्कार्य में भी खर्च करना चाहिए, दिखावा ही फिजूल खर्ची का सबसे बड़ा कारण है। दिखावे के फेर में ही लोग अपने घर का खर्च बढ़ा चुके हैं और यह भी कहते हैं कि जाहे विधि राखे राम, जेहि विधि रहिए।

### सुदामा से सीखें आत्मसम्मान

सुदामा का परिवार भूखा रहता था, सुदामा को श्रीकृष्ण से मिलने द्वारकाधीश के पास भेजा। पत्र में उन्होंने इतना ही लिखा कि लोक महीने में दो दिन एकादशी का व्रत रखते हैं हम तो महीने भर एकादशी का व्रत कर रहे हैं। इसके प्रतित्तर में कृष्ण ने कहा भाभी, अब आपके घर में रोज द्वादश रहेगा, बच्चे कभी भूखे नहीं रहेंगे। यह कथा समाज को बतलाती है कि ईश्वर सर्वज्ञाता हैं। मंदिर जाएं पर मन में मांगने का भाव न रखें। सुदामा चरित्र की कथा के दौरान श्रीकृष्ण सुदामा की सजीव झांकी भी दिखाई गई। कथा के अंत में भक्तों ने जमकर फूलों की होली खेली और प्रसाद ग्रहण किया।

आना चाहिए। वे तो सर्वज्ञाता हैं। हमारी मनः स्थिति अच्छी तरह से समझते हैं। उनसे मांगने की आवश्यकता ही क्या है। पंजाब सनातन सभा के वरिष्ठ पदाधिकारी अशोक अरोरा द्वारा वृंदावन कॉलोनी में 17 मार्च से 23 मार्च तक श्री मद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ आयोजित किया गया। रविवार को इस सात दिवसीय अनुष्ठान का समापन हुआ। सुबह हवन यज्ञ संपन्न कराया गया।

